फर्द अहकाम
(नियम 26)

**अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)मुकाम–सिरोही(राज.)**

| **प्रार्थीगण** | | **अप्रार्थी** |
|---|---|---|
| 1 सदाराम पुत्र श्री पोसा<br>जाति देवासी निवासी चडुआल<br>तहसील व जिला सिरोही | बनाम | 1.स्टेट, जरिये तहसीलदार, सिरोही |

किस्म मुकदमा
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट

रा.प्रा.पत्र सं. 126/2024

| दिनांक | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये |
|---|---|---|
| 09–07–25 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री रमेश कुमार माली व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक/कोर्ट/2025/463 दिनांक 16–06–2025 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार उक्त भूमि ग्राम चडुआल में (तंवरी) में स्थित है। सवीया पुत्र पोसाराम की जगह सदा पुत्र पोसा देवासी के संबंध में जांच की गई तथा सदा के नाम के समस्त दस्तावेज आधारकार्ड/जनआधारकार्ड/वोटिंग कार्ड/राशनकार्ड देखने पर प्रार्थी का नाम सदा पुत्र पोसा रेबारी सही दर्ज है। प्रार्थी का गलत नाम दर्ज होने की वजह से सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। दस्तावेज एवं मौका जांच करने पर पाया गया कि प्रार्थी का नाम सदाराम पुत्र श्री पोसा सही है। अतः नाम का शुद्धि किया उचित है।<br>प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की अंतिम बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया ।<br>सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ***प्रार्थी राजस्व रेकर्ड में जमाबंदी संवत 2070–2073 के खाता संख्या नया 151 पुराना 148 खसरा संख्या 279 कुल किता 01 कुल क्षेत्रफल 2.0400 हेक्टेयर में सवीया पुत्र पोचा जाति रेबारी के स्थान पर सदाराम पुत्र पोसा जाति देवासी संशोधन कर*** उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें।<br><br>**लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)**<br>**सिरोही**<br>लैण्ड रिकार्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) सिरोही (राज०)<br>न्यायालय लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर सिरोही (राज०) | |